# उ0प्र0 एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण

# (यूपीडा)

## बोर्ड की 80वीं बैठक की कार्यवृत्त।

## दिनांक 21.02.2023

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण
सी–13, पर्यटन भवन, द्वितीय तल, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
☎ 0522 2307592, 2307542 4004523 फैक्स: 0522 4013560

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न हुई 80वीं बैठक का कार्यवृत्त।

बैठक में निम्नलिखित प्रतिभागियों ने भाग लिया :–

1. श्री अरविन्द कुमार, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –अध्यक्ष
2. श्री श्रीश चन्द्र वर्मा, अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा –सदस्य / सचिव
3. सुश्री निधि श्रीवास्तव, विशेष सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग) –सदस्य
4. श्री अजय सिंह चौहान, लेखाधिकारी, कोषागार लखनऊ, मण्डल (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, वित्त विभाग) –सदस्य
5. श्री राजेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियन्ता, लोक निर्माण, उ0प्र0 शासन (प्रतिनिधि प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग) –सदस्य
6. श्री अनिल तिवारी, सहायक निदेशक, आवास बन्धु (प्रतिनिधि अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन) –सदस्य
7. श्री राजीव कुमार, वरिष्ठ प्रबन्धक, उ0प्र0 औद्योगिक विकास निगम, लि0 कानपुर। (प्रतिनिधि प्रबन्ध निदेशक) –सदस्य

विशेष आमंत्रीः–

1. श्री विश्वजीत राय, उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं वित्त नियंत्रक, यूपीडा।
2. श्रीमती कनक त्रिपाठी, वरिष्ठ सलाहकार (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) यूपीडा।
3. श्री आर0आर0 सिंह, वरिष्ठ मुख्य महाप्रबन्धक (सिविल), यूपीडा।
4. श्री सत्येन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबन्धक, यूपीडा।
5. श्री राजेश कुमार पाण्डेय, नोडल अधिकारी, (आ0ल0एक्स0 एवं बुन्दे0 एक्सप्रेसवे) यूपीडा।
6. श्री नागेश्वर सिंह, नोडल अधिकारी, यूपीडा।
7. कर्नल संजय सिंह, मुख्य महाप्रबन्धक (डिफेन्स कॉरिडोर), यूपीडा।(वि0सी0द्वारा)
8. श्री सलिल कुमार यादव, मुख्य अभियन्ता, यूपीडा।
9. श्री विनय प्रकाश, मुख्य महाप्रबन्धक, यूपीडा।
10. श्री अरूण कुमार पाठक, मुख्य महाप्रबन्धक (विद्युत), यूपीडा।
11. श्री के0के0 गुप्ता, वरिष्ठ सलाहकार, (वित्तीय संस्थाएं), यूपीडा।
12. श्री चुनकू राम पटेल, विशेष कार्याधिकारी (भू–अर्जन), यूपीडा।
13. श्री के0के0 सिंह विसेन, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
14. श्री डी0पी0 सिंह, विशेष कार्याधिकारी, यूपीडा।
15. श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव, वरिष्ठ सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
16. श्री बी0एस0 दुबे, सलाहकार (प्रोक्योरमेन्ट सेल), यूपीडा।
17. श्री एस0के0 कठेरिया, अधीक्षण अभियन्ता, यूपीडा।
18. श्री दयाराम सत्यार्थी, अधीक्षण अभियन्ता, यूपीडा।
19. डा0 मो0 सिकन्दर, वरिष्ठ प्रबन्धक (पर्यावरण), यूपीडा।
20. श्री दुर्गेश उपाध्याय, मीडिया सलाहकार, यूपीडा।
21. श्री शरद तिवारी, विधि सलाहकार, यूपीडा।

उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों का 80वीं निदेशक मण्डल की बैठक में स्वागत किया गया एवं सदस्यों की अनुमति से एजेण्डा नोट पर बिन्दुवार चर्चा प्रारम्भ की गई:-

एजेण्डा बिन्दु-01:- उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 27.12.2022 को सम्पन्न हुई 79वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि हेतु उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल से अनुरोध किया गया।

कार्यवाही / निर्णयः- निदेशक मण्डल की सम्पन्न हुई 79वीं बैठक के कार्यवृत्त से अवगत होते हुए कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

एजेण्डा बिन्दु-02:- उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 27.12.2022 को सम्पन्न 79वीं बैठक में लिये गये निर्णयों की अनुपालन आख्या से उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा बिन्दुवार निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया।

कार्यवाही / निर्णयः- निदेशक मण्डल द्वारा उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 27.12.2022 को सम्पन्न हुई 79वीं बोर्ड बैठक में लिए गये निर्णयों के सम्बन्ध में प्रस्तुत अनुपालन आख्या का अवलोकन किया गया, अनुपालन से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा संतुष्टि व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु-03:- **उत्तर प्रदेश में गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना का कियान्वयनः परियोजना के ग्रुप-II, III एवं IV के कन्सेशनेयर के शेयर-होल्डिंग के स्वरूप में परिर्वतन के लिए यूपीडा की सहमति हेतु प्रस्ताव।**

कार्यवाही / निर्णयः- निदेशक मण्डल के विचारार्थ प्रस्तुत उक्त एजेण्डा बिन्दु के सम्बन्ध में सूचित किया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना के ग्रुप-II, III एवं IV के कन्सेशनेयर के शेयर-होल्डिंग के स्वरूप में परिवर्तन करने के लिए आवश्यक विश्लेषण प्रकिया पूर्ण करके वित्त पोषण करने वाली बैंक, नामतः भारतीय स्टेट बैंक, से प्रस्तावित इक्विटी स्ट्रक्चर के सम्बन्ध में वांछित 'अनापत्ति प्रमाण-पत्र' की प्रत्याशा में निदेशक मण्डल के समक्ष उक्त एजेण्डा बिन्दु के माध्यम से विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था, परंतु दिनांक 20 फरवरी, 2023 की ईमेल के माध्यम से परियोजना के तीनों ग्रुपों के कन्सेशनेयरों की ओर से यूपीडा को यह सूचित किया गया है कि कतिपय अप्रत्याशित कारणों से प्रस्तावित पूंजी निवेश की प्रक्रिया को उनके स्तर पर फिलहाल स्थगित किया गया है साथ ही यूपीडा से अनुरोध किया गया था कि उनकी ओर से अग्रिम सूचना तक यूपीडा के स्तर पर इस कार्य को रोक दिया जाए। तदनुसार निदेशक मण्डल से उक्त एजेण्डा बिन्दु पर कार्यवाही स्थगित किये जाने का अनुरोध किया गया है। निदेशक मण्डल द्वारा उनके समक्ष प्रस्तुत ईमेल एवं कवरिंग नोट का अध्ययन करके उक्त एजेण्डा बिन्दु पर कार्यवाही स्थगित किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।

एजेण्डा बिन्दु-04:- आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज-2 के **Arbitration Case** की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में।

कार्यवाही / निर्णय : निदेशक मण्डल द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज-2 के Arbitration Case की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुये सहमति व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–05:– आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज–4 के Arbitration Case की अद्यतन स्थिति के सम्बन्ध में।

कार्यवाही / निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के पैकेज–4 के Arbitration Case की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुये सहमति व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–06:– मा0 उच्च न्यायालय एवं उच्यतम् न्यायालय में प्रचलित वादों के विवरण अद्यतन स्थिति दिनांक 15.02.2023 तक यूपीडा में मा0 उच्च न्यायालय में योजित वादों के संक्षिप्त विवरण।

यूपीडा के विधि सलाहकार द्वारा निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद में योजित कुल वादों की संख्या–435 में से निस्तारित वादों की संख्या–283 तथा लम्बित वादों की संख्या–152 है एवं 05 वादों में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जाना शेष है तथा मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्डपीठ लखनऊ में योजित वादों की संख्या–302 में से निस्तारित वादों की संख्या 180 तथा लम्बित वादों की संख्या 112 है एवं 01 वादों में प्रतिशपथ पत्र दाखिल किया जाना शेष है।

कार्यवाही / निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये सहमति व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–07:– अधिष्ठान एवं प्रशासन से सम्बन्धित कार्यो का अनुमोदन।

1- संविदा पर कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों के सेवा विस्तार का अनुमोदन प्राप्त किया जानाः–

मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन के आधार पर संविदा पर कार्यरत निम्नवत् अधिकारियों / कर्मचारियों का प्राधिकरण के कार्यहित में सेवाओं की सम्बन्धित कार्मिकों की यूपीडा में आवश्यकता आकलन के उपरान्त सम्बन्धित के पर्यवेक्षक अधिकारियों की संस्तुति के आधार पर सेवा विस्तार किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की 80 वीं बोर्ड बैठक में प्राप्त किया जाना हैः–

| क्र0 सं0 | नाम अधिकारी / कर्मचारी | पदनाम | पूर्व नियुक्ति समाप्त की तिथि | सेवा विस्तार अवधि | सेवाविस्तार की अन्तिम तिथि | यूपीडा के कार्यालय आदेश संख्या / तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | श्री राजीव सिन्हा | प्रबन्धक (सिविल) | 20.12.2022 | 06 माह | 20.06.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 2. | श्री राम कृष्ण गौड | सहायक प्रबन्धक (सिविल) | 02.12.2022 | 06 माह | 02.06.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 3. | श्री के0एन0निगम | लेखाकार कम कैशियर | 24.12.2022 | 03 माह | 24.03.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 4. | श्री राजमणि यादव | लेखाकार कम कैशियर | 18.01.2023 | 06 माह | 18.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 5. | श्री गणेश प्रसाद | लेखाकार कम कैशियर | 31.01.2023 | 06 माह | 31.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 6. | श्री रवीन्द्र शर्मा | ड्राफ्टमैन | 07.01.2023 | 06 माह | 07.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 7. | श्री अर्पित अवस्थी | मीडिया सहायक | 07.01.2023 | 06 माह | 07.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 8. | श्री प्रभात कुमार अवस्थी | मुख्य सुरक्षा अधिकारी | 31.12.2022 | 06 माह | 30.06.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17 01.2023 |
| 9. | श्री कृष्ण स्वरूप सिंन्हा | सुरक्षा अधिकारी | 10.10.2022 | 06 माह | 10.04.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 10. | श्री राधा मोहन द्विवेदी | सुरक्षा अधिकारी | 04.12.2022 | 06 माह | 04.06.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 12. | श्री सुदर्शन प्रसाद | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 10.10.2022 | 06 माह | 10.04.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 13. | श्री राधेश्याम सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 14.01.2023 | 06 माह | 14.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 14. | श्री शमरेश कुमार सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 29.12.2022 | 06 माह | 29.06.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 15. | श्रीमती कंचन तिवारी | लेखाकार / आडिटर | 12.01.2023 | 06 माह | 12.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 16. | श्री टी0पी0जोशी | निजी सचिव | 07.01.2023 | 06 माह | 07.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 17. | श्री राकेश मिश्रा | मुख्य महाप्रबन्धक (डि0कॉ0) | 04.01.2023 | 06 माह | 04.07.2023 | सं0–7528 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 17.01.2023 |
| 18. | श्री प्रशान्त मिश्रा | जनसम्पर्क अधिकारी | 06.01.2023 | एक वर्ष | 06.01.2024 | सं0–7556 / यूपीडा / 1775 / 20 / अधि0 दिनांक 19.01.2023 |
| 19. | श्री सीता राम यादव | राजस्व सहायक | 25.12.2022 | 03 माह | 25.03.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 20. | श्री देवेन्द्र नाथ पाण्डेय | सहायक राजस्व अधिकारी | 14.01.2023 | 06 माह | 14.07.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 21. | श्री राम प्रकाश | राजस्व निरीक्षक | 30.12.2022 | 06 माह | 30.06.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 22. | श्री भूप नारायण | लेखाकार कम कैशियर | 31.01.2023 | 03 माह | 30.04.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 23. | श्री श्याम शंकर शुक्ल | सहायक प्रबन्धक (वित्त) | 11.02.2023 | 06 माह | 11.08.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 24. | श्री वकील सिंह राठी | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 19.11.2022 | 06 माह | 19.05.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 25. | श्री कल्याण सिंह | सहायक सुरक्षा अधिकारी | 19.11.2022 | 06 माह | 19.05.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 26. | श्री शम्स आजाद | सहायक प्रबन्धक (सिविल) | 25.01.2023 | 03 माह | 25.04.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 27. | श्री अशोक कुमार शर्मा | सहायक प्रबन्धक (सिविल) | 25.01.2023 | 06 माह | 25.07.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 28. | श्री राधेश्याम विश्वकर्मा | प्रबन्धक (सिविल) | 02.12.2022 | 06 माह | 02.06.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 29. | श्री उमाकान्त कुलश्रेष्ठ | लेखाकार कम कैशियर | 31.01.2023 | 03 माह | 30.04.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 30. | श्री रमेश चन्द्र बैशवार | राजस्व निरीक्षक | 31.12.2022 | 03 माह | 31.03.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 31. | श्री शरद तिवारी | विधि सलाहकार | 09.01.2023 | 06 माह | 09.07.2023 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 32. | श्री अनूप कुमार श्रीवास्तव | वरिष्ठ सलाहकार (प्रक्योरमेन्ट सेल) | 31.01.2023 | एक वर्ष | 31.01.2024 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |
| 33. | श्रीमती कनक त्रिपाठी | नोडल अधिकारी (पूर्वान्चल एक्सप्रेसवे) | 11.02.2023 | एक वर्ष | 11.02.2024 | सं0–7986 / यूपीडा / 2570 / 22 / अधि0 दिनांक 03.02.2023 |

2- यूपीडा के पत्रों द्वारा औद्योगिक विकास विभाग से अनुमति प्राप्त किये जाने की प्रत्याशा में संविदा पर तैनात / नियुक्त किये गये अधिकारियों की नियुक्ति का अनुमोदन 80वीं बोर्ड की बैठक 21.02.2023 में प्राप्त किया जाना:–

यूपीडा में आवश्यकता के दृष्टिगत यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा प्रदत्त अधिकारों के क्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदन पर संविदा के आधार पर बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के कार्यो को सुचारू रूप से सम्पादित किये जाने हेतु नियुक्ति की गयी है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की दिनांक 21.02.2023 को बोर्ड की बैठक में प्राप्त किया जाना है। विवरण निम्नवत् है:–

| क्र0 सं0 | नाम अधिकारी / कर्मचारी | पदनाम | नियुक्ति अवधि | मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा अनुमोदन |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेश नारायण सिंह | सुरक्षा अधिकारी | 06 माह | सं0–7577 / 2386 / यूपीडा / 2022 / अधि0 / दिनांक 20.01.2023 |
| 2. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंह | सुरक्षा अधिकारी | 06 माह | सं0–7577 / 2386 / यूपीडा / 2022 / अधि0 / दिनांक 20.01.2023 |

3- यूपीडा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी का नाम जिनकी प्रतिनियुक्ति समाप्त कर यूपीडा से कार्यमुक्त किया गया है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की 80 वीं बोर्ड बैठक मे दिनांक 21.02.2023 में प्राप्त किया जाना है, विवरण निम्नवत् हैः—

यूपीडा में तैनात अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति से वापस पैत्रक विभाग अर्थात लोक निर्माण विभाग में वापस किये जाने का विवरण निम्नवत् हैः—

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | प्रतिनियुक्ति से वापस किये जाने की तिथि | कार्यालय आदेश संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रवीन्द्र सिंह आर्य | अधिशासी अभियन्ता | 19.01.2023 | सं0—7577/यूपीडा/1801/20/अधि0 दिनांक 19.01.2023 |
| 2. | श्री अनन्त कुमार शर्मा | मुख्य अभियन्ता | 03.02.2023 | सं0—7960/यूपीडा/1752/20/अधि0/ दिनांक 03.02.2023 |

4- यूपीडा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी का नाम जिनकी सेवा समाप्त की गयी है, जिसका अनुमोदन निदेशक मण्डल की 80 वीं बोर्ड बैठक में दिनांक 21.02.2023 में प्राप्त किया जाना है, विवरण निम्नवत् हैः—

यूपीडा में संविदा पर तैनात निम्न अधिकारियों की संविदा सेवायें यूपीडा में आवश्यकता आकलन एवं आवश्यकता न पाये जाने पर उक्त तिथि से सेवा समाप्त/त्यागपत्र के स्वीकृत किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः—

| क्र0 सं0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | सेवा समाप्ति/ त्यागपत्र की तिथि | सेवा समाप्ति की आदेश संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार श्रीवास्तव | भू—अर्जन अधिकारी | 30.12.2022 | सं0—7089/यूपीडा/196/14/अधि0 दिनांक 30.12.2022 |
| 2. | श्री नरेन्द्र कुमार सिंह | भू—अर्जन अधिकारी | 30.12.2022 | सं0—7089/यूपीडा/196/14/अधि0 दिनांक 30.12.2022 |
| 3. | श्री भगवानदीन वर्मा | भू—अर्जन अधिकारी | 30.12.2022 | सं0—7089/यूपीडा/196/14/अधि0 दिनांक 30.12.2022 |
| 4. | श्री कालीशंकर वर्मा | भू—अर्जन अधिकारी | 30.12.2022 | सं0—7089/यूपीडा/196/14/अधि0 दिनांक 30.12.2022 |
| 5. | श्री ओंकार नाथ वर्मा | विशेष राजस्व अधिकारी | 30.12.2022 | सं0—7090/यूपीडा/196/14/अधि0 दिनांक 30.12.2022 |
| 6. | श्री किशोर कुमार पाण्डेय | प्रबन्धक (वित्त) | 31.01.2023 | सं0—7771/यूपीडा/180/12/अधि0 दिनांक 27.01.2023 |
| 7. | श्री हरी राम सिंह | सुरक्षा अधिकारी | 20.01.2023 | सं0—7586/यूपीडा/2386/22/अधि0 दिनांक 20.01.2023 |
| 8. | मो0 आफताब | सुरक्षा अधिकारी | 20.01.2023 | सं0—7585/यूपीडा/2386/22/अधि0 दिनांक 20.01.2023 |

5- <u>यूपीडा में संविदा के आधार पर कार्यरत कर्मियों की वेतन वृद्धि के सम्बन्ध में प्रस्ताव निदेशक मण्डल की बैठक में अनुमोदन विषयकः—</u>

यूपीडा में वर्तमान समय में लेखा प्रभाग में संविदा के आधार पर श्री दिनेश सक्सेना, सहायक प्रबन्धक वर्ष 2014 से एवं श्री अजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ लेखाकार वर्ष 2015 से तैनात/कार्यरत हैं, इनके द्वारा यूपीडा का बजट, टैक्स भुगतान एवं लेखांकन का कार्य सुचारू रूप से सम्पादित किया जा रहा है, जिसके दृष्टिगत श्री दिनेश सक्सेना, सहायक प्रबन्धक (वित्त एवं लेखा) के वर्तमान पद नाम को परिवर्तित करते हुये प्रबन्धक (लेखा) एवं श्री अजय कुमार गुप्ता, वरिष्ठ लेखाकार के वर्तमान पद नाम को परिवर्तित करते हुये सहायक प्रबन्धक (लेखा) किये जाने तथा वर्तमान वेतन में 20 प्रतिशत की वृद्धि किये जाने के प्रस्ताव पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 16.02.2023 को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

6- यूपीडा द्वारा संचालित एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग कार्य एवं ट्रैफिक मैनेजमेन्ट हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से अनुमति प्राप्त किये जाने की प्रत्याशा में संविदा के आधार पर तैनात किये गये एक नोडल अधिकारी के पद की तैनाती का अनुमोदन 80वीं बोर्ड की बैठक 21.02.2023 में प्राप्त किये जाने विषयक।

यूपीडा द्वारा संचालित एक्सप्रेसवे पर पेट्रोलिंग कार्य एवं ट्रैफिक मैनेजमेन्ट हेतु अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग से अनुमति प्राप्त किये जाने की प्रत्याशा में कार्यहित में संविदा के आधार पर साक्षात्कार के माध्यम से श्री नागेश्वर सिंह सेवानिवृत्त–आई0पी0एस0 अधिकारी की तैनाती नोडल अधिकारी के पद पर यूपीडा के कार्यालय आदेश संख्या–8406 / यूपीडा / 2719 / 23 / अधि0 दिनांक 20.02.2023 द्वारा की गई है,

कार्यवाही / निर्णय — अधिष्ठान के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुये एजेण्डा बिन्दु–07 के उप बिन्दु–01, 02, 03, 04, 05 व 06 का निदेशक मण्डल द्वारा संज्ञान लिया गया तथा कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–08:– **पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे पर चेन्ज ऑफ स्कोप के अन्तर्गत कार्यों का अनुमोदन।**

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे पर चेन्ज ऑफ स्कोप के अन्तर्गत कार्यों के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–09:– **गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज–02 के अंतर्गत चेन्ज ऑफ स्कोप कार्यों की लागत की गणना में स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लि० की वेबसाईट से प्राप्त स्टील की दरें स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया की अनुबन्धित दरों के आधार पर प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यवाही / निर्णयः– निदेशक मण्डल द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज–02 के अंतर्गत चेन्ज ऑफ स्कोप कार्यों की लागत की गणना में स्टील अथारिटी ऑफ इण्डिया लि० की वेबसाईट से प्राप्त स्टील की दरें स्टील अथॉरिटी ऑफ इण्डिया की अनुबन्धित दरों के आधार पर चेंज ऑफ स्कोप नोटिस की तिथि से प्रयोग किये जाने के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–10:– **यूपीडा में मानव संसाधन आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से नव चयनित संस्थाओं के कार्य का अनुमोदन प्राप्त किये जाने विषयक।**

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि मेसर्स आर0एम0एस0 टेक्नोसोल्यूशन (इण्डिया) प्रा0 लि0, लखनऊ द्वारा मानव संसाधन की आपूर्ति की जा रही थी। संस्था की निविदा अवधि समाप्त हो जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 01.12.2022 को मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त जेम पोर्टल पर निविदा अपलोड की गई थी। अपलोड की गई निविदा के सापेक्ष दिनांक 22.12.2022 को निविदा समिति के समक्ष खोली गयी तकनीकी निविदा में विभिन्न 67 संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया था। उक्त निविदा में 03 संस्थायें तकनीकी निविदा में अर्ह पायी गयी। उक्त के पश्चात् दिनांक 16.01.2023 को वित्तीय निविदा जेम पोर्टल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में निविदा समिति के समक्ष खोली गयी। जिसमें तीन फर्मे एच0–01 श्रेणी की पाई गई, उक्त पर तीनों फर्मे एच–01 श्रेणी में आने के कारण कोई भी एक फर्म वित्तीय निविदा में चयनित नहीं हो पायी।

इस सम्बन्ध में निविदा अनिर्णित होने की स्थिति में समिति द्वारा QCBC प्रक्रिया के ऑटो रन का विकल्प उपलब्ध न होने तथा तीनों फर्मो द्वारा समान दर कोट करने के कारण कार्यहित में निविदा समिति की संस्तुति एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी महोदय द्वारा प्रदान किये गये अनुमोदन के कम में एच–01 श्रेणी के तीनों फर्मो M/S AVANI PARIDHI ENERGY & COMMUNICATIONS PRIVATE LIMITED, M/s KING SECURITY GUARDS SERVICES PRIVATE LIMITED एवं M/s XEAM VENTURES PRIVATE LIMITED को इम्पैनल करते हुये, चयनित कर समान अनुपात में दिनांक 15.02.2023 से कार्य आंवटित कर दिया गया है।

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत होते हुये सहमति व्यक्त की गई।

एजेण्डा बिन्दु–11:–

गंगा एक्सप्रेसवे पर नियमित Independent Engineers की नियुक्ति के पूर्व M/s RITES द्वारा ली गई सेवाओं में कार्यादेष की व्यवस्था के अन्तर्गत एक माह के समय विस्तार एवं कारित वित्तीय प्रभाव का अनुमोदन।

वरिष्ठ मुख्य महाप्रबन्धक (गंगा एक्सप्रेसवे) द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि कन्सेशन अनुबंध के आर्टिकल–23 में निहित ऑथारिटी के दायित्वों के दृष्टिगत, यूपीडा निर्देशक मण्डल की 75 वीं बैठक दिनांक 08.06.2022 के एजेण्डा बिन्दु संख्या 16 पर नियमित Independent Engineers की नियुक्ति प्रक्रियाधीन होने के फलस्वरूप निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेसवे पर कतिपय अपरिहार्य अभियांत्रिकी औपचारिकताओं के निरीक्षण / परीक्षण / अनुमोदन हेतु तात्कालिक एवं पूर्णतयाः अस्थायी रूप में M/s RITES Ltd. की सेवायें लिए जाने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किया गया था। तत्क्रम में कार्यादेश संख्या– 2896 / यूपीडा / 20 / 2304 / Tech / 11 / 07 / 2022, लागत रू0 2,20,00,000 एवं 02 माह की समय सीमा के लिए निर्गत किया गया था। कार्यादेश के अनुसार M/s RITES Ltd. की सेवायें दिनांक 01.07.2022 अथवा वास्तविक तिथि जब से कार्य प्रारम्भ किया जाये से 02 माह तक अथवा नये Independent Engineer के चयन तक प्राप्त की जानी है। M/s RITES Ltd. सेवायें दिनांक 20.07.2022 से प्रारम्भ होने के फलस्वरूप 02 माह की अवधि की पूर्णता अर्थात दिनांक 19.09.2022 तक Independent Engineers की नियुक्ति पूर्ण न होने के कारण पत्र संख्या 4870 / यूपीडा / 20 / 2304 / Tech दिनांक 22 सितम्बर 2022 द्वारा M/s RITES Ltd. को सेवायें जारी रखने हेतु लिखा गया। Independent Engineer की नियुक्ति पूर्ण हो जाने के पश्चात् यूपीडा के पत्रांक 5439 / यूपीडा / 20 / 2304 दिनांक 14 अक्टूबर 2022 द्वारा M/s RITES Ltd. को सेवाओं को दिनांक 19.10.2022 से समाप्त कर दिया गया है। इस प्रकार M/s RITES Ltd. की सेवाओं में एक माह की वृद्धि हुई है।कार्यादेश की लागत रू0 2,20,00,000 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) में एक माह के अतिरिक्त सेवा लिये जाने के फलस्वरूप सेवाओं की कुल लागत रू0 3,26,02,515 (जी0एस0टी0 अतिरिक्त) हुई है। इसके फलस्वरूप अतिरिक्त वित्तिय भार रू0 1,06,02,515 कारित हुआ है जो की जी0एस0टी0 की सकल धनराशि रू0 58,95,388 को सम्मिलित करने के पश्चात् रू0 1,66,47,553=00 होता है।

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–12:– गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में कार्यरत पी0आई0यू0 संख्या–III के मुख्यालय के जनपद रायबरेली से जनपद उन्नाव/संरेखण के निकटस्थ स्थान पर स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–13:– आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर संचालित पेट्रोलिंग इनोवा वाहन संख्या–UP-32-JX-1145 इंजन नम्बर–2GDA196143 के दिनाँक 03.10.2022 को दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात टोटल लास की श्रेणी में हो जाने के उपरान्त इसके स्थान पर एक नया इनोवा वाहन जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने के साथ–साथ पंजीकरण एवं इन्श्योरेंस हेतु अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति के संबंध में।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस–वे पर संचालित पेट्रोलिंग इनोवा वाहन संख्या–UP-32-JX-1145 इंजन नम्बर–2GDA196143 के दिनाँक 03.10.2022 को दुर्घटनाग्रस्त होने के पश्चात टोटल लास की श्रेणी में हो जाने के उपरान्त इसके स्थान पर एक नया इनोवा वाहन जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किये जाने के साथ–साथ पंजीकरण एवं इन्श्योरेंस हेतु अतिरिक्त धनराशि की स्वीकृति के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–14:– पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के उदघाटन समारोह में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के लंबित भुगतान के संबंध में।

कार्यवाही/निर्णय वित्त नियंत्रक एवं उप मुख्य कार्यपालक अधिकारी द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि यूपीडा द्वारा संचालित परियोजनाओं के शिलान्यास/उदघाटन कार्यक्रमों में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवाहन निगम से विशिष्ट/अति विशिष्ट महानुभावों को आयोजन स्थल तक लाने एवं जाने हेतु वाहन (बस) उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उदघाटन के अवसर पर उपलब्ध कराये गये वाहनों के भुगतान हेतु बीजक उपलब्ध कराये गये थे। उपलब्ध कराये गये देय भुगतान के संबधं में परिवहन निगम के अधिकारियों से वार्ता की गयी, उन्होने यह बताया कि कार्यक्रम में प्रयुक्त 1998 वाहनों में 333 वाहन के चार दिन, 1026 वाहनों के 3 दिन एवं 639 वाहनों के 2 दिन के आधार पर प्रतिवाहन 24081.00 की दर से बिल प्रस्तुत किये गये है। यूपीडा में पूर्व में इस प्रकार के आयोजित कार्यक्रमों में एक दिन के आधार पर भुगतान की कार्यवाही की गयी थी एवं प्रतिदिन रू0 24081.00 की दर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के उदघाटन समारोह में प्रयोग की गयी बसों 1998 का भुगतान रू0 4,81,13,838.00 किया गया था।

उक्त के संबंध में परिवहन निगम के अधिकारी एवं अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीडा की वार्ता के क्रम में यह निर्देश प्राप्त हुये है कि जिलाधिकारी सुल्तानपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे परियोजना के उदघाटन समारोह में प्रयोग की गयी समस्त बसों 1998 हेतु एक और दिन का (पूर्व भुगतान के अतिरिक्त) किराया रू0 4,81,13,838.00 का भुगतान किया जाना है। उपरोक्त के अतिरिक्त अन्य कोई भुगतान नहीं किया जाना है, यह भुगतान अंतिम समायोजन के रूप में किया जाना है, जिसकी सहमति उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम के अधिकारियों से भुगतान से पूर्व प्राप्त की जानी है।

कार्यवाही/निर्णय निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

यूपीडा में सेवा प्रदाता के माध्यम से तैनात महिला कर्मी, जो ई0एस0आई0 से आवर्त है, उन्हें मातृत्व हितलाभ दिये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।

यूपीडा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में यूपीडा में तैनात सभी कर्मी ई0एस0आई0 योजना से आच्छादित है एवं उनका नियमित रूप से ई0एस0आई0 भुगतान सेवा प्रदाता द्वारा जमा किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त यूपीडा में सेवा प्रदाता के माध्यम से तैनात महिला कर्मी, जो ई0एस0आई0 से आवर्त है, उन्हें मातृत्व हितलाभ हेतु अर्ह है एवं उक्त का भुगतान ई0एस0आई0 (The Employees State Insurance (Central), Ministry of Labour) के स्तर से किया जाना है एवं यूपीडा द्वारा एजेन्सी के माध्यम से तैनात कर्मियों के विवरण सेवा प्रदाता के माध्यम से ई0एस0आई0 विभाग को प्रेषित किये जाने है। उपरोक्त के सम्बन्ध में यूपीडा में कार्यरत महिला कर्मियों को चिकित्सा अनुभाग–01 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या–11/2022/162/पांच–1–2022 दिनांक 26 अप्रैल, 2022 के प्रस्तर–03 के (F) नियम–21–"मजदूरी अवधि एक माह से अधिक की नहीं होगी तथा कर्मचारी को मजदूरी का भुगतान उस मजदूरी अवधि की अखिरी तिथि के पश्चात् सातवाँ दिन समाप्त होने से पूर्व किसी कार्य दिवस में किया जायेगा। महिला श्रमिक योजित होने की दशा में यदि सेवा प्रदाता ई0एस0आई0 से आवर्त होगा तो मातृत्व हितलाभ एवं बीमारी से संबंधित हितलाभ ई0एस0आई0सी0 से प्रदान किये जायेगें।"

कार्यवाही/निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त संदर्भित शासनादेश संख्या–11/2022/162/पांच–1–2022 दिनांक 26 अप्रैल, 2022 को यूपीडा में अंगीकृत किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–16:–

'आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे' के आगामी संचालन व अनुरक्षण के लिए ठेकेदार व अथॉरिटी इंजीनियर के चयन हेतु आवश्यक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा निविदा अभिलेख तैयार किये जाने के लिए परामर्शी यथा मेसर्स कन्सल्टिंग इंजीनियर्स ग्रुप लिमिटेड को नियुक्त किये जाने के सम्बंध में।

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि 'आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे' के आगामी संचालन व अनुरक्षण के लिए ठेकेदार व अथॉरिटी इंजीनियर के चयन हेतु आवश्यक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा निविदा अभिलेख तैयार किये जाने के लिए परामर्शी के चयन के लिये ई–टेण्डर पोर्टल के माध्यम से दिनांक 22.10.2022 को आर0एफ0पी0 अभिलेख प्रकाशित कर निविदायें आमंत्रित की गयीं थीं। उक्त आर0एफ0पी0 अभिलेख के क्रम में निर्धारित तिथि, दिनांक 08.12.2022 तक तीन निविदाकर्ताओं यथा (i) M/s Fortress Infracon Ltd., (ii) M/s Bloom Companies LLC, एवं (iii) M/s Consulting Engineers Group Ltd. द्वारा निविदायें जमा की गयीं थीं, जिन्हें 'नामित समिति' के समक्ष दिनांक 09.12.2022 को खोला गया था।

निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि प्राप्त निविदाओं के तकनीकी प्रस्तावों के मूल्यांकन पर 'नामित समिति' की बैठक दिनांक 16.01.2023 में विचार–विमर्श करते हुए तीनों निविदाकर्ताओं को तकनीकी रूप से अर्ह पाते हुए उनके वित्तीय प्रस्ताव खोले गये थे। निविदाकर्ताओं से प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों का विवरण निम्नवत था:–

(धनराशि रूपये में)

| क्र.सं. | निविदाकर्ता का नाम | वित्तीय प्रस्ताव | श्रेणी (उच्चतम के आधार पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | M/s Consulting Engineers Group Ltd. | 1,48,96,900.00 | एल–1 |
| 2 | M/s Fortress Infracon Ltd. | 2,41,90,000.00 | एल–2 |
| 3 | M/s Bloom Companies LLC | 2,97,03,333.00 | एल–3 |

निदेशक मण्डल को अग्रेतर यह भी अवगत कराया गया कि 'नामित समिति' की बैठक दिनांक 16.01.2023 में न्यूनतम वित्तीय निविदा प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता M/s Consulting Engineers Group Ltd. को 'आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे' के आगामी संचालन व अनुरक्षण के लिए ठेकेदार व अथॉरिटी इंजीनियर के चयन हेतु आवश्यक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा निविदा अभिलेख तैयार किये जाने के लिए चयनित किये जाने एवं 'लेटर ऑफ अवार्ड' जारी करने हेतु सस्तुति प्रदान की गयी थी। तत्क्रम में न्यूनतम वित्तीय प्रस्ताव (रू0 1,48,96,900.00 मात्र (सभी करों एवं जीएसटी सहित)) प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता, M/s Consulting Engineers Group Ltd. को नियुक्त किये जाने हेतु यूपीडा के पत्र संख्या–7806/यूपीडा/2022/2464 दिनांक 30.01.2023 के माध्यम से 'लेटर ऑफ अवार्ड' जारी किया गया था। M/s Consulting Engineers Group Ltd. द्वारा आवश्यक परफॉरमेंस सेक्योरिटी जमा कर दी गयी थी तथा दिनांक 20.02.2023 को अनुबंध निष्पादित कर लिया गया है।

कार्यवाही/निर्णय — यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए 'आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे' के आगामी संचालन व अनुरक्षण के लिए ठेकेदार व अथॉरिटी इंजीनियर के चयन हेतु आवश्यक प्रोजेक्ट रिपोर्ट तथा निविदा अभिलेख तैयार किये जाने के लिए न्यूनतम वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता, M/s Consulting Engineers Group Ltd. के चयन तथा इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–17:– **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की अद्यतन प्रगति के सम्बन्ध में ।**

कार्यवाही/निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे की अद्यतन प्रगति का संज्ञान लिया गया।

एजेण्डा बिन्दु–18:– **बुन्देलखण्ड बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज 1 व 2 के Completion Certificate एवं पैकेज 6 के Provisional Certificate of Completion निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।**

कार्यवाही/निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना के पैकेज 1 व 2 के Completion Certificate एवं पैकेज 6 के Provisional Certificate of Completion निर्गत किये जाने के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–19:– **Approval for continuing the services (against construction period of 36 months as per contract agreement) of the Authority's Engineer Staff in Pkg-I, II, III, IV, V & VI up to 31.03.2023 for the execution of various pending/ba lance works such as preparation of as-built-drawings, COS estimates and Final Bill etc.**

कार्यवाही/निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा Approval for continuing the services (against construction period of 36 months as per contract agreement) of the Authority's Engineer Staff in Pkg-I, II, III, IV, V & VI up to 31.03.2023 for the execution of various pending/ba lance works such as preparation of as-built-drawings, COS estimates and Final Bill etc.के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–20:– **बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना में अतिरिक्त कार्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत अथॉरिटी द्वारा जारी किये गये चेन्ज ऑफ स्कोप (COS) आर्डर अन्तर्गत किये गये अनुमोदित आगणन के सम्बन्ध में।**

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना में अतिरिक्त कार्यों की आवश्यकता के दृष्टिगत अथॉरिटी द्वारा जारी किये गये चेन्ज ऑफ स्कोप (COS) आर्डर अन्तर्गत किये गये अनुमोदित आगणन के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–21:– बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर Toilet Blocks with Food Kiosks हेतु एजेन्सी के चयन के लिये निविदा आंमत्रित किये जाने से सम्बन्धित TOR/Scope of work के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे पर Toilet Blocks with Food Kiosks हेतु एजेन्सी के चयन के लिये निविदा आंमत्रित किये जाने से सम्बन्धित TOR/Scope of work के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–22:– लक्षित तिथि से पर्याप्त समयपूर्व पैकेज–I, II, III, IV एवं V द्वारा प्रोजेक्ट एक्सप्रेसवे की पूर्णता के उपरान्त कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेन्ट के क्लॉज–19.20 के अन्तर्गत बोनस प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा लक्षित तिथि से पर्याप्त समयपूर्व पैकेज–I, II, III, IV एवं V द्वारा प्रोजेक्ट एक्सप्रेसवे की पूर्णता के उपरान्त कॉन्ट्रैक्ट एग्रीमेन्ट के क्लॉज–19.20 के अन्तर्गत बोनस प्रदान किये जाने के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–23:– 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना' के अन्तर्गत जनपद–गोरखपुर व अम्बेडकर नगर में भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु कृत कार्यवाही के सम्बन्ध में:–

कार्यवाही / निर्णय — निदेशक मण्डल द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना' के अन्तर्गत जनपद–गोरखपुर व अम्बेडकर नगर में भूमि उपलब्ध कराये जाने हेतु कृत कार्यवाही के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–24:– गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' पर (1) ए0टी0एम0एस सुविधा डिजाइन कर उपलब्ध कराने एवं उनके इन्स्टॉलेशन तथा संचालन एवं (2) टोल प्लाजाओं के संचालन एवं टोल वसूली हेतु कॉन्ट्रैक्टर्स चयनित किये जाने के लिये आवष्यक अध्ययन व निविदा प्रपत्र तैयार किये जाने के लिए परामर्षी के चयन हेतु टर्म्स ऑफ रिफरेंस व स्कोप ऑफ वर्क तथा आर0एफ0क्यू0–कम–आर0एफ0पी0 अभिलेख पर अनुमोदन के संबंध में।

मुख्य अभियन्ता यूपीडा द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि औद्योगिक विकास अनुभाग–3 के पत्र सं0 1389 / 77–3–2018–67एम / 18 दिनांक 04.05.2018 द्वारा 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' के स्वामित्व एवं कियान्वयन हेतु यूपीडा को नोडल एजेंसी नामित किया गया था। तद्नुसार वर्तमान में 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर बाइपास (एन.एच.–27) से 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' तक एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य दो पैकेजों में चयनित विकास कर्ताओं द्वारा इ0पी0सी0 पद्वति पर किया जा रहा है।

'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' परियोजना की अद्यतन भौतिक स्थिति लगभग 60.02 प्रतिशत है तथा इस परियोजना पर ए0टी0एम0एस का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। एक्सप्रेसवे पर यातायात आवागमन आरम्भ हो जाने के उपरान्त ए0टी0एम0एस0 का कार्य कराया जाना सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षित नहीं है। अतः 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' पर ए0टी0एम0एस0 कार्य एवं 05 वर्ष अनुरक्षण कार्य हेतु एजेंसी के चयन तथा टोल प्लाजा के संचालन एवं अनुरक्षण के लिए कॉन्ट्रैक्टर के चयन हेतु परियोजना परामर्शी को नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है।

उपरोक्त के क्रम में तकनीकि प्रकोष्ट, यूपीडा द्वारा प्रदान किये गये टर्म्स ऑफ रिफरेंस पर 79वीं बोर्ड की बैठक में निर्गत निर्देशों के क्रममें प्रोक्योरमेन्ट सेल यूपीडा से अनुमोदन प्राप्त करने के उपरान्त 'गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे' पर (1) ए0टी0एम0एस सुविधा डिजाइन कर उपलब्ध कराने, इन्स्टॉलेशन, संचालन एवं अनुरक्षण तथा (2) टोल प्लाजाओं के संचालन एवं टोल वसूली हेतु कॉन्ट्रैक्टर्स चयनित किये जाने के लिये आवश्यक अध्ययन व निविदा प्रपत्र तैयार किये जाने के लिए परामर्शी के चयन हेतु टर्म्स ऑफ रिफरेंस व स्कोप ऑफ वर्क के आधार पर आर0एफ0क्यू0–कम–आर0एफ0पी0 अभिलेख तैयार कर लिया गया है।

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–25:–

**"यूपीडा द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज II, III, IV एवं V पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेंसियों को चयनित किये जाने के लिये तैयार किये गये निविदा अभिलेख तथा उक्त अभिलेख ई–टेन्डर पोर्टल पर प्रकाषित कर निविदा आमंत्रित किये जाने पर कार्योत्तर अनुमोदन के संबंध में।**

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज II, III, IV एवं V में 'चेंज ऑफ स्कोप' के अर्न्तगत वे साइड एमेनिटीस के परिसर में टॉयलेट ब्लाक्स कम फूड किऑस्क्स का निर्माण परियोजना पैकेजों के निर्माणकर्ताओं द्वारा किया गया है। इन टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेंसियों को चयनित किया जाना है। तद्क्रम में बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज II, III, IV एवं V पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेंसियों को चयनित किये जाने के लिये तकनीकि प्रकोष्ठ, यूपीडा द्वारा तैयार किये गये 'टर्म्स ऑफ रिफरेंस' एवं निविदा अभिलेख को ई–टेन्डर पोर्टल पर दिनांक 14.02.2023 को प्रकाशित कर निविदायें आमंत्रित की गयी हैं। निविदा अभिलेख के अनुसार दिनांक 24.02.2023 को प्रि–बिड मीट तथा दिनांक 16.03.2023 को बिड प्राप्त होनी है।

निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्त निविदा अभिलेख पर विचार–विमर्श करते हुए निदेशित किया गया कि 'टॉयलेट ब्लाक्स' का उपयोग यात्रियों द्वारा किये जाने पर चयनित एजेंसी द्वारा कोई भी शुल्क, यात्रियों / उपयोगकर्ता से नहीं लिया जायेगा। निदेशक मण्डल द्वारा इस संदर्भ में निविदा अभिलेख में आवश्यक संशोधन ई–टेण्डर पर प्रकाशित किये जाने हेतु भी निदेशित किया गया।

कार्यवाही / निर्णय

उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे के पैकेज II, III, IV एवं V पर स्थित टॉयलेट ब्लाक्स एवं फूड किऑस्क्स के संचालन तथा रख–रखाव हेतु एजेंसियों को चयनित किये जाने के लिये तैयार किये गये निविदा अभिलेख तथा उक्त अभिलेख ई–टेन्डर पोर्टल पर प्रकाशित कर निविदा आमंत्रित किये जाने पर यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा कार्योत्तर अनुमोदन पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–26:–

पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर स्थापित टोल प्लाजाओं के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 6 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) उपलब्ध कराये जाने हेतु नवीन एजेन्सी के चयन के सम्बन्ध में।

निदेशक मण्डल को अवगत कराया गया कि 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर टोल की वसूली हेतु, दो मुख्य टोल प्लाजा एवं 11 रैम्प प्लाजा स्थापित किये गये हैं। इन टोल प्लाजाओं के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 6 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) उपलब्ध कराये जाने हेतु नवीन एजेन्सी के चयन के लिये ई–टेण्डर पोर्टल के माध्यम से दिनांक 07.09.2022 को आर0एफ0क्यू–कम–आर0एफ0पी0 प्रकाशित कर निविदायें आमंत्रित की गयीं थीं। तदक्रम में निर्धारित तिथि, दिनांक 05.12.2022 तक चार निविदाकर्ताओं यथा (i) M/s Inderdeep Construction Co., (ii) M/s Ashmi Road Carriers Pvt. Ltd., (iii) M/s Datar Security Services Group in consortium with Coral Associates. एवं (iv) M/s Eagle Infra India Ltd. द्वारा निविदायें जमा की गयीं थीं, जिन्हें 'नामित समिति' एवं इच्छुक आवेदनकर्ताओं के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में दिनांक 06.12.2022 को खोला गया था।

निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि प्राप्त निविदाओं के तकनीकी प्रस्तावों के मूल्यांकन पर 'नामित समिति' की बैठक दिनांक 07.01.2023 में विचार–विमर्श करते हुए M/s Ashmi Road Carriers Pvt. Ltd. को छोडकर अन्य 03 निविदाकर्ताओं को तकनीकी रूप से अर्ह पाते हुए उनके वित्तीय प्रस्ताव खोले गये थे। निविदाकर्ताओं से प्राप्त वित्तीय प्रस्तावों का विवरण निम्नवत था:–

(धनराशि रूपये में)

| क्र. सं. | निविदाकर्ता का नाम | वित्तीय प्रस्ताव | श्रेणी (उच्चतम के आधार पर) |
|---|---|---|---|
| 1 | M/s Inderdeep Construction Co. | 1,21,38,99,999.00 | एच–1 |
| 2 | M/s Eagle Infra India Ltd. | 1,15,28,65,000.00 | एच–2 |
| 3 | M/s Datar Security Services Group in consortium with Coral Associates | 1,12,00,10,000.00 | एच–3 |

निदेशक मण्डल को अग्रेतर अवगत कराया गया कि उपरोक्तानुसार निविदाकर्ता M/s Inderdeep Construction Co. द्वारा सबसे अधिक वित्तीय निविदा रू0 1,21,38,99,999.00 की प्रस्तुत की गयी थी, जो कि निविदा प्रपत्र में इंगित न्यूनतम बिड वैल्यू (न्यूनतम थ्रेशोल्ड) यथा रू0 110 करोड़ से 10.35 प्रतिशत अधिक थी। तदानुसार 'नामित समिति' द्वारा M/s Inderdeep Construction Co. को 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर स्थापित टोल प्लाजाओं के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 6 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) उपलब्ध कराये जाने हेतु चयनित किये जाने एवं 'लेटर ऑफ अवार्ड' जारी करने हेतु सस्तुति प्रदान की गयी थी।

निदेशक मण्डल को यह भी अवगत कराया गया कि 'नामित समिति' की उपरोक्त संस्तुति के क्रम में 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर स्थापित दो मुख्य टोल प्लाजा एवं 11 रैम्प प्लाजा के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 6 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) की तैनाती हेतु उच्चतम वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता, M/s Inderdeep Construction Co. द्वारा रू0 1,21,38,99,999.00 मात्र (जीएसटी सहित) प्रथम वर्ष में यूपीडा को भुगतान किये जाने तथा प्रथम वर्ष पश्चात् अनुबन्ध की विस्तारित अवधि (अनुबन्ध की कुल अवधि–एक वर्ष एवं प्राधिकरण द्वारा अधिकतम 6 माह के विस्तार सहित) तक 10 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि सहित यूपीडा को भुगतान

जारी किया गया था तथा दिनांक 24.01.2023 को उनके साथ अनुबन्ध निष्पादित किया गया था जिसके पश्चात M/s Inderdeep Construction Co. द्वारा दिनांक 01.02.2023 की मध्य रात्रि से 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर स्थित समस्त टोल प्लाजाओं पर चार्ज लेते हुये टोल कलेक्शन का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है।

कार्यवाही / निर्णय

यूपीडा निदेशक मण्डल द्वारा उपरोक्तानुसार अवगत होते हुए 'पूर्वांचल एक्सप्रेसवे' पर स्थापित दो मुख्य टोल प्लाजा एवं 11 रैम्प प्लाजा के संचालन, टोल कलेक्शन तथा 6 एम्बुलेन्स व 12 पेट्रोलिंग वाहन (आवश्यक कार्मिकों सहित) की तैनाती हेतु उच्चतम वित्तीय प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले निविदाकर्ता, M/s Inderdeep Construction Co. के चयन तथा इस संबंध में प्राधिकरण द्वारा उपरोक्तानुसार कृत कार्यवाही पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

एजेण्डा बिन्दु–27:–

वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 के आर्थिक चिट्ठा (बैलेन्श शीट) का अनुमोदन निदेशक मण्डल द्वारा प्राप्त किये जाने के सम्बन्ध में।

वित्त नियंत्रक, यूपीडा द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि यूपीडा का वित्तीय वर्ष 2020–21 एवं 2021–22 का स्टेचुरी ऑडिट सम्पन्न किया जा चुका है, वार्षिक आर्थिक चिठ्ठा (Balance Sheet) तथा फार्म 10–बी तैयार कर प्रस्तुत करते हुए, यूपीडा द्वारा अधिकृत चार्टड एकाउटेंट M/s Joy Mukherjee & Associates द्वारा संलग्न सहित प्रस्तुत किया गया है।

कार्यवाही / निर्णय

उपरोक्त प्रस्ताव से अवगत होते हुये निदेशक मण्डल के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–01

'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना' के संरेखण से प्रभावित जनपद–हमीरपुर की तहसील–सरीला के ग्राम–बीरा की संरेखण से प्रभावित भूमि गाटा संख्या–114 की 0.038 हे0 भूमि क्रय के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

कार्यवाही / निर्णय

निदेशक मण्डल द्वारा 'बुन्देलखण्ड एक्सप्रेसवे परियोजना' के संरेखण से प्रभावित जनपद–हमीरपुर की तहसील–सरीला के ग्राम–बीरा की संरेखण से प्रभावित भूमि गाटा संख्या–114 की 0.038 हे0 भूमि क्रय के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया।

अतिरिक्त एजेण्डा बिन्दु–02

गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में सेफ्टी कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु बिड प्रक्रिया के आर0एफ0पी0 (Request for Proposal) के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

वरिष्ठ मुख्य महाप्रबन्धक (गंगा एक्सप्रेसवे) द्वारा निदेशक मण्डल के सदस्यों को अवगत कराया गया कि गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना का विकास पी0पी0पी0 पद्धति पर किया जा रहा है। विकास कर्ताओ के साथ गठित कन्सेशन अनुबन्ध के प्रस्तर 18 के अन्तर्गत अथारिटी के दायित्वों में सेफ्टी कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति का प्राविधान है। तत्क्रम में निदेशक मण्डल की 79वीं बैठक दिनांक 27.12.2022 द्वारा लिमिटेड आर0एफ0क्यू0 की प्रक्रिया अपनाते हुए सेफ्टी कन्सल्टेन्ट का चयन करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। बिडिंग प्रक्रिया के लिए प्रयुक्त होने वाले आर0एफ0पी0 दस्तावेजों का गठन परामर्श अनुबन्ध के कार्य की परिधि के अन्तर्गत परियोजना के विकास परामर्शी मे0 एल0एन0 मालवीय इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स प्रा0लि0 द्वारा किया गया है।

| | |
|---|---|
| कार्यवाही/निर्णय | निदेशक मण्डल द्वारा गंगा एक्सप्रेसवे परियोजना में सेफ्टी कन्सल्टेन्ट की नियुक्ति हेतु बिड प्रक्रिया के आर0एफ0पी0 (Request for Proposal) के प्रस्ताव का संज्ञान लेते हुये आर0एफ0पी0 दस्तावेज (RFP Doccument) पर अनुमोदन प्रदान किया गया। |

अंत में मुख्य कार्यपालक अधिकारी/अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित बोर्ड सदस्यों को बैठक में प्रतिभाग हेतु धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक का समापन किया गया।

---

उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के निदेशक मण्डल की दिनांक 21.02.2023 को सम्पन्न हुई 80वीं बैठक के उपरोक्त कार्यवृत्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं अध्यक्ष निदेशक मण्डल द्वारा दिनांक 21.02.2023 को अनुमोदित किये गये हैं।

(श्रीश चन्द्र वर्मा)
अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी